कोटद्वार, शनिवार
16 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 225 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com


स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


# लोगों के विश्वास और आशा पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करेगी सरकार: पीएम मोदी

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एक समर्पित भाजपा कार्यकर्ता



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एक समर्पित भाजपा कार्यकर्ता हैं जिन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए सराहनीय प्रयास किए और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में एक समारोह में शपथ ली, जिसमें पीएम मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। आज राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन भी है।

मोदी ने कहा, राजस्थान में भाजपा सरकार राज्य के लोगों के विश्वास और आशा पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करेगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा जी को जन्मदिन की बधाई। वर्षों से एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता, उन्होंने राज्य भर में भाजपा को मजबूत करने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं। जैसे ही वह अपनी मुख्यमंत्री पद की यात्रा शुरू कर रहे हैं, मैं उन्हें लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

उन्होंने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा को भी अपनी शुभकामनाएं दीं। मोदी ने विश्वास जताया कि अपने बहादुर लोगों के लिए जाना जाने वाला राजस्थान उनके नेतृत्व में सुशासन, समृद्धि और विकास में नए मानक स्थापित करेगा।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को रामनिवास बाग जयपुर, राजस्थान में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान का नया नेतृत्व राजस्थान को डबल इंजन की तेज गति से सर्वांगीण विकास के नये आयाम स्थापित करने में भी सफल होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. प्रेम चंद बैरवा एवं श्रीमती दिया कुमारी को भी राजस्थान के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years
M.C.A 2 Years
B.H.M. 4 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
B.Sc. IT 3 Years
C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# विजय दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सेना, भूतपूर्व सैनिकों, एवं प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होने कहा कि भारत के सैन्य इतिहास में 16 दिसम्बर भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस, समर्पण और बलिदान को याद करने का ऐतिहासिक दिन है। इस दिन भारतीय सैनिकों के साहस व बहादुरी के सामने नतमस्तक होकर पाकिस्तानी सेना के हजारों सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक हमेशा तत्परता के साथ अपना योगदान देते है जिस पर हमें गर्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर-खण्ड, देवभूमि के साथ ही वीर भूमि भी है। यहां सदैव देशभक्ति व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना रही है। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक हमेशा तत्परता के साथ अपना योगदान देते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने सैनिकों की वीरता पर नाज है और पूरा देश उनकी बहादुरी को नमन करता है।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्तराखंड को जेआरडी टाटा मेमोरियल अवार्ड

देहरादून। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर उत्तराखंड को जेआरडी टाटा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। 18 दिसम्बर को इंडिया हैबिटैट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले सातवें जेआरडी टाटा अवार्ड कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत इस सम्मान को प्राप्त करेंगे। अवार्ड के साथ पांच लाख की धनराशि भी राज्य को दी जाएगी। यह पुरस्कार राज्य को 42 विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों में देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया जा रहा है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने को उत्तराखंड को यह सम्मान दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के प्रयास में जुटी है। इसी का परिणाम है कि हाई फोकस बड़े राज्यों की श्रेणी में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन करने पर राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया है। इस पुरस्कार के लिए उत्तराखंड का चयन केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 और 2019–21 में देश भर में कराए गए नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे चार और पांच में विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए किया गया। प्रजनन स्वास्थ्य, किशोर किशोरी स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, परिवार नियोजन, जल स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, लिंग आधारित हिंसा, जनसंख्या उर्वरता स्तर पर आधारित 42 सूचकांक में उत्तराखंड ने बेहतर प्रदर्शन किया।

## विभिन्न स्कूल में मना केवी संगठन का हीरक जयंती समारोह

देहरादून। केंद्रीय विद्यालय संगठन का हीरक जयंती समारोह राज्य भर के स्कूलों में शुक्रवार को धूमधाम से बनाया गया। इस दौरान सभी स्कूलों में सांस्कृतिक व खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दून संभाग की उपायुक्त डॉ सुकृति रैवानी ने इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों से और मेहनत से कार्य करते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन का नाम ऊँचा करने का आह्वान किया।

वहीं सहायक आयुक्त संभाग स्वाति अग्रवाल, सुरजीत सिंह एवं ललित मोहन बिष्ट ने सभी को बधाई दी। केंद्रीय विद्यालय बीरपुर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 150 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर इस दिवस को उत्साह के साथ मनाया। प्रिंसिपल बसंती खंपा ने इस अवसर पर राज्य का नेतृत्व करने वाली विद्यालय की बैंड टीम को पृष्कृत किया।

**एक नजर**

## शीत लहर से बचाव हेतु अलाव जलाए

देहरादून(आरएनएस)। नगर निगम देहरादून द्वारा शीत लहर से बचाव हेतु नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए गए हैं, जिनमें आई० एस० बी० टी०, निरंजनपुर मंडी, रेलवे स्टेशन, दून हॉस्पिटल चौक, घंटाघर, कनक चौक,. दिलाराम चौक, राजपुर, शनि मंदिर के सामने चकराता रोड, बल्लूपुर चौक, बल्लीवाला चौक, पथरीबाग चौक/ देहराखाश चौक, महंत इंद्रेश हॉस्पिटल के निकट, रैन बसेरा ट्रांसपोर्टनगर, रैन बसेरा पटेल नगर, रैन बसेरा चुक्कू मोहल्ला, रैन बसेरा चुना भट्टा आदि स्थानों पर अलाव जलाए गए है। जिलाधिकारी सोनिका द्वारा नगर निगम देहरादून, ऋषिकेश, एवं समस्त नगर निकायों को स्थान चिन्हित करते हुए अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति शीतलहरी में बाहर न रहे इसके लिए रेनबसेरों में लोगों को ठहराया जाए।

## बंग्लों की कांडी में बूढ़ी दिवाली में पारंपरिक लोकरंगों से हुई गुलजार

देहरादून। मसूरी के नजदीकी गांव बंग्लों की कांडी बूढ़ी दिवाली पर पारंपरिक लोक रंगों से गुलजार रही। बंग्लों की कांडी की पनीर विलेज के रूप में पहचान है और यह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र भी है। यहां बूढ़ी दिवाली को भाड़ का पर्व के रूप में मनाया जाता है। यहां पारंपरिक रिवाज और उल्लास के साथ यह लोक पर्व मनाया गया। जंगल से घास लाकर उसकी रिस्सयां बनाई गईं और फिर पारंपरिक पूजा अर्चना के बाद 50 फिट लंबी रस्सी से के साथ खेल खेला गया। इस दौरान पारंपरिक भेषभूषा में सजी टीमें दर्शकों का रोमांच बढ़ा रही थीं। टीम के एक तरफ पुरुष और एक ओर महिलाओं की टीम थी। नाचते गाते रस्सी को गांव के चौक तक लाये व वहां पर जमकर नृत्य किए गये। जिसमें तांदी, रासौ, हारूल आदि प्रमुख हैं। पूरा गांव बूढी दीवाली के पर्व पर एकत्र था व सभी मिलकर इस पर्व को उत्साह के साथ मना रहे थे। देर रात होल्डे जलाकर नृत्य किया गया। इस दौरान गांव आये मेहमानों व गांव की ब्याहताओं को इस पर्व पर बनाये जाने वाले विशेष पकवान स्वालां पकोड़ी, चूड़ा व भोजन परोसा गया। इस अनोखे पर्व का आनंद लेने बंग्लों की कांडी में पर्यटक भी बड़ी संख्या में पहुंचे। इस पर्व व यहां की लोक संस्कृति का जमकर आनंद लिया। इस मौके पर विरेंद्र रावत, सुरेद्र नौटियाल, अरविंद शर्मा, विनोद नौटियाल अन्य मौजूद रहे।

# ढालवाला में वनभूमि से कब्जा हटाने पर हंगामा




ऋषिकेश। ढालवाला में सुमन पार्क के नजदीक (चौर पानी) वनभूमि से कब्जा हटाने के दौरान हंगामा हो गया।

वनकर्मियों के जेसीबी से निर्माणधीन भवन को ध्वस्त करने पर स्थानीय लोग भड़क गए। उन्होंने अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कार्रवाई को नाजायज बताया। बावजूद, वनकर्मियों ने किसी की एक न सुनते हुए अतिक्रमण को हटा दिया। शुक्रवार को ऋषिकेश रेंजर वनकर्मियों की फोर्स के साथ ढालवाला पहुंचे। यहां उन्होंने सुमन पार्क के नजदीक वनभूमि पर अतिक्रमण कर बन रहे एक निर्माणधीन भवन को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। विभागीय कार्रवाई की भनक लगते हुए आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। उन्होंने का-र्रवाई पर आक्रोश जाहिर करते हुए वनकर्मियों पर कई आरोप लगाए। कहा कि कई स्थानों पर वनभूमि पर पक्का निर्माण कर कब्जा हुआ है, लेकिन वहां वन विभाग की जेसीबी नहीं पहुंच रही है। रेंजर अधिकारी देवेंद्र पुंडीर ने बताया कि वनभूमि पर पक्के निर्माण करने वालों को नोटिस जारी किए हैं। कानूनी प्रक्रिया को पूरा करने के बाद उन पर भी कार्रवाई होगी।

मगर यह कब्जा कर निर्माण किया जा रहा था, जिसके लिए किसी नोटिस की जरूरत नहीं थी। बताया कि क्षेत्र में कहीं भी वनभूमि पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

## मसूरी की होटल क्रिकेट लीग रुकबी ने जीती

देहरादून। मसूरी की प्रतिष्ठित होटल क्रिकेट लीग रुकबी ने जीत ली है। फाइनल में रुकबी ने जेपी होटल को दो विकेट से पराजित किया। सर्वे मैदान में चल रही क्रिकेट लीग में दस होटल की टीमों ने हिस्सा लिया था। चार दिवसयीय मसूरी होटल क्रिकेट लीग के फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए जेपी होटल की टीम ने निर्धारित बारह ओवरों में 87 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रूकबी की टीम ने निर्धारित ओवरों में दो विकेट से जीत कर प्रतियोगिता की ट्राफी कब्जा ली। रूकबी की ओर से प्रमोद ने 40, अनुज ने 17 रन बनाए। प्रतियोगिता में प्रताप कंडारी, कैलाश तोमर व मोंटी अरोड़ा ने अंपायर व अजय उनियाल ने स्कोरर की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में मसूरी के दस होटलों की टीमों रेडीसन, जेपी, लाइट ऑफ लंढौर, मोजाइक, स्टर्लिंग रिजोर्ट, रेनेस्ट, द वैलकम सवॉय, द फर्न ब्रेंटवुड, क्लब महिंद्रा, व रूकबी ने प्रतिभाग किया था। मैन ऑफ द सिरीज का पुरस्कार सबल भंडारी को दिया गया। प्रमोद मैन ऑफ द मैच रहे। इस मौके पर सलीम अहमद, नागेंद्र उनियाल, मनोज अग्रवाल, सलीम अहमद, सुनील रणावत, पवन लखेड़ा, हर्षमणि सेमवाल, तनमीत खालसा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा ने सरदार पटेल को किया याद

देहरादून। भाजपा अम्बेडकर नगर मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लौह पुरुष व देश के प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल पुण्यतिथि पर याद किया व घंटाघर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान राजपुर रोड विधायक खजानदास ने कहा कि आजाद भारत को एकजुट करने में सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल ने कहा कि हमें सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए पदचिन्हों पर चलना चाहिए। मौके पर मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, मंडल महामंत्री वैभव अग्रवाल, अभिषेक नौडियाल, विशाल गुप्ता, अंकुर जैन, गुरप्रीत सिंह छाबड़ा, पवन त्रिपाठी, विमल गौड़, मनोज जाटव प्रवीण शर्मा, अंकित गुप्ता, राहुल पंवार, विपिन खंडूड़ी, रितु मित्रा, गोपाल पुरी, संजीव विज, नवीन कुमार, अनमोल कुमार, निखिल कुमार, शानू सभरवाल, राजेश गुप्ता, सविता वर्मा, भाग सिंह नेगी, कर्मराज चौधरी, सत्यम शर्मा, सन्नी सेठी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरुक अभियान चलाया

देहरादून। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोनिका एवं मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप के दिशा–निर्देशन पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान वृहद्धस्तर पर संचालित किये जा रहे हैं। स्कूलों में छात्र/छात्राओं द्वारा मतदान के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया गया वहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों में गोदभराई कार्यक्रम के तहत् महिलाओं को मतदान एवं मजबूत लोकतंत्र बनाने में उनके अधिकारों एवं कर्तव्य के प्रति जागरूक किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत् आज स्वीप की टीम द्वारा जनपद अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया। इसी क्रम में बाल विकास परियोजना रायपुर मे आंगनवाड़ी केन्द्र नतथनपुर के अंतर्गत गोदभाराई कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने हेतु आयी महिलाओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें उनके वोट का महत्त्व समझाते हुए बताया गया की अपने मत से वो देश के भविष्य मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है। सेवलाकला 1 एवं सेवलाकला 4 में कार्यकर्ती द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में शासकीय कार्यक्रम बहुउद्देशीय शिविर आदि में मतदाता जागरूकता स्टॉल लगाते हुए कार्यक्रम में आने वाले जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी बढाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है।

## पीडब्ल्यूडी के आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया सचिवालय कूच

देहरादून। पीडब्ल्यूडी के आउटसोर्सिंग मेट, बेलदार कर्मचारी संघ से जुड़े मेट और बेलदारों ने विभिन्न मांगों को लेकर सचिवालय कूच कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस ने सचिवालय से पहले ही सड़क पर बैरेकेडिंग लगाकार रोका। मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने 21 दिसंबर को पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता से वार्ता करवाने का आश्वासन देकर शांत करवाया। शुक्रवार को मेट और बेलदार बड़ी संख्या में परेड ग्राउंड में एकत्र हुए। यहां से सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सचिवालय कूच शुरू किया। लेकिन पुलिस ने सचिवालय से पहले ही सड़क पर बैरेकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोका। इससे खफा मेट और बेलदार सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। कई बार धरना–प्रदर्शन करने बाद कोई सुनवाई नहीं हो रही। प्रदर्शन की सूचना पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को 21 दिसंबर को प्रमुख अभियंता से वार्ता करवाने का आश्वासन दिया, जिस पर वह शांत हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी एजेंसी के माध्यम से विभाग में समायोजन करने, ईएसआई, ईपीएफ का लाभ देने और बकाया मानदेय का भुगतान करवाने की मांग की है। प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष जयेंद्र सिंह, महामंत्री तेजपाल शाह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ, आशा देवी, सुरजी देवी, निर्मल कुमार, कैलाश कुमार, मुकेश चंद, विकास रावत, अंजलि देवी, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

# जारी रहा डाक सेवकों का धरना, आंदोलन तेज करने की चेतावनी



कोटद्वार के मुख्य डाकघर परिसर में प्रदर्शन करते डाक सेवक

**कोटद्वार** : 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ की हड़ताल शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रही। इस मौके पर डाक सेवकों ने उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा व पेंशन देने समेत अन्य मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।शुक्रवार को ग्रामीण डाक सेवक संघ की कोटद्वार शाखा से जुड़े डाक सेवक बद्रीनाथ मार्ग स्थित मुख्य डाकघर में एकत्र हुए। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि वह विषम परिस्थितियों में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन विभाग उनकी जायज मांगों की अनदेखी कर रहा है। अन्य विभागीय कर्मचारियों की तरह उन्हें अच्छी सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं। विभाग की ओर से अभी तक कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिशें भी पूर्ण रूप से लागू नहीं की गई हैं। चेतावनी दी कि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई न होने की स्थिति में आंदोलन को उग्र किया जायेगा। धरना प्रदर्शन करने वालों में संगठन सचिव बलवंत सिंह, देवेंद्र सिंह रावत, देवेंद्र उप्रेती, कैलाश चंद्र, ध्यान सिंह, उपेंद्र वल्लभ ध्यानी, रूपचंद्र आदि शामिल रहे।

# गंदे पानी की आपूर्ति पर भड़के बालासौड़ वासी, जल संस्थान के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पिछले पांच वर्षों से दूषित पेयजल आपूर्ति झेल रहे वार्ड नंबर-24 बालासौड़ के लोगों का शुक्रवार को गुस्सा भड़क गया। लोगों ने जल संस्थान कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द समस्या के निराकरण की मांग उठाई। कहा कि लाख शिकायतों के बाद भी जल संस्थान समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। ऐसे में वार्डवासियों को संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

## कहा लाख शिकायतों के बाद भी समस्या को लेकर लापरवाह बने हैं अधिकारी



जल संस्थान कार्यालय के प्रवेश द्वार पर प्रदर्शन करते लोग

शुक्रवार को बालासौड़ के लोग जल संस्थान कार्यालय पहुंचे, यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। नागरिकों ने कहा कि उनके वार्ड में पिछले पांच सालों से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। गंदा पानी पीने से लोगों को त्वचा व पेट संबंधी संक्रामक बीमारियां हो रही हैं। कहा कि जल संस्थान के छोटे-बड़े सभी कर्मचारियों को समस्या से कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभाग लगातार लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियंता अभिषेक वर्मा को ज्ञापन सौंप समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग उठाई है। साथ ही कार्रवाई न होने की दशा में जनांदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में बालासौड़ के पूर्व प्रधान विजय ध्यानी, संगीता बिष्ट, शांति बड़थ्वाल, अंजना काला, सुनील भारद्वाज, महेशानंद काला, दीपक जदली, अंजली बौंठियाल आदि शामिल रहे।

# शिक्षा का अधिकार व नई शिक्षा नीति की दी जानकारी

**कोटद्वार** : जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत सीआरसी दुधारखाल में तीन दिवसीय सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

अंतिम दिन विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) और विद्यालय प्रबंधन विकास समिति (एसएमडीसी) के पदाधिकारियों और सदस्यों को शिक्षा का अधिकार, नई शिक्षा नीति समेत विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। इस अवसर पर सीआरसी दुधारखाल के मुख्य संदर्भ दाता विजय दीपक खेतवाल व मुकेश कुमार शाह ने एसएमसी और एसएमडीसी के पदाधिकारियों और सदस्यों को समग्र शिक्षा के उद्देश्य, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, नई शिक्षा नीति, बाल अधिकार आदि कार्यक्रमों की जानकारी दी। नोडल अधिकारी एवं इंटर कॉलेज दुधारखाल के प्रधानाचार्य महिपाल सिंह कश्यप के दिशा निर्देशों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 विद्यालयों की एसएमसी, एसएमडीसी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सुबोध काला, प्रशांत धस्माना, प्रमेंदर राय, ममता, भास्कर काला आदि मौजूद रहे।


# अंतिम व्यक्ति को मिल रहा विकास का लाभ : महाराज

## लोनिवि मंत्री ने ग्रामीणों को दिलाई विकसित भारत की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली।** क्षेत्रीय विधायक और लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को चौबट्टाखाल विधानसभा के एकेश्वर ब्लाक के इसोटी, ड्यूल्ड एवं चौबट्टाखाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया।

इस मौकों पर आयोजित सभाओं को संबोधित करत हुए उन्होंने कहा कि नंदा गौरा और आयुष्मान योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य की भाजपा सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। राज्य सरकार के पिछले 7 वर्षों में रोजगार, शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, पर्यटन समेत विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्य प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। कहा कि चौबट्टाखाल विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। क्षेत्र को पर्यटन और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। क्षेत्र को टूरिज्म के मानचित्र पर लाने के लिए कई योजनाएं गतिमान हैं। केंद्र के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में राज्य चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है। इस दौरान लोनिवि



कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ में प्रचारित किए जा रहे विभिन्न विकास योजनाओं का अवलोकन करने के अलावा मौके पर मौजूद ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। इस दौरान समाज कल्याण, कृषि एवं भूमि संरक्षण समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर कृषि विभाग की टीम ने ड्रोन से कीटनाशक के छिड़काव का डॉमेस्ट्रेशन भी दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी, डीपीआरओ जितेंद्र कुमार, भाजपा पौड़ी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, भाजपा एकेश्वर मंडल अध्यक्ष गणेश रावत, भाजपा नेता वेद प्रकाश वर्मा, मनमोहन घिल्डियाल, देवेंद्र भट्ट आदि मौजूद थे।

# खिलाड़ियों को दिए ट्रैक सूट

**कोटद्वार** : सिद्धबली पब्लिक स्कूल की ओर से राजकीय स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने पहुंचे खिलाड़ियों को ट्रैक सूट वितरित किए गए। इस दौरान युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे रहने की सीख दी गई खेल विभाग की ओर से जिला योजना अनुसूचित जाति के 25 बालकों का एथलेटिक्स खेल हेतु प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। एथलेटिक्स कोच मान सिंह थापा ने खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों की जानकारी दी। 11 दिवसीय खेल प्रशिक्षण के अंतिम दिन सिद्धबली पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका ममता बुड़ाकोटी ने खिलाड़ियों को ट्रैक सूट दिए। कहा कि खिलाड़ियों को जीवन में अपना लक्ष्य तय कर भविष्य की तैयारी करनी चाहिए। आज कई खिलाड़ी बेहतर खेल के माध्यम से अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर हाकी प्रशिक्षक महेश्वर सिंह नेगी, श्याम सिंह, शिवम सिंह रावत, मनोज नेगी, मान सिंह थापा, तेजेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

# समिति की बैठक 19 को

**कोटद्वार** : सेवानिवृत्त वन अधिकारी एवं कर्मचारी कल्याण समिति की बैठक 19 दिसंबर को पनियाली स्थित अरण्य सभागार में आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पंत ने बताया कि यह बैठक इस साल की अंतिम बैठक है। जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक सुबह दस बजे होगी।

# सीडीएस बिपिन रावत की याद में 21 से होगा मेला

**कोटद्वार** : भाजपा किसान मोर्चा की ओर से देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत की पुण्य स्मृति में 21 दिसंबर से काशीरामपुर तल्ला स्थित मिनी स्टेडियम में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है।

मेला संयोजक संजीव थपलियाल और आयोजक पूर्व सैनिक सुनील रावत ने बताया कि मेले में बच्चों के खेलने के लिए झूले, दुकानें और मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा नृत्य, सामान्य ज्ञान, रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। महिला कीर्तन मंडली की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के इच्छुक छात्र-छात्राएं मेला स्थल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# चैंपियनशिप में प्रतिभाग को पंजाब पहुंची टीम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सीनियर व दूसरी सब जूनियर नेशनल सेस्टोबाल चैंपियनशिप के लिए उत्तराखंड की सीनियर व सब जूनियर वर्ग की बालक व बालिकाओं की टीम पंजाब पहुंच चुकी है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता शुक्रवार से देश भगत कॉलेज बर्दवाल, धुरी पंजाब में शुरू हो चुकी है।

उत्तराखंड सेस्टोबाल एसोसिएशन के सचिव शशिकांत ने बताया कि बालक वर्ग की टीम में विशाल, आर्यन, अनिकेत, अमरदीप, अरविंद, अंकित, रोहित, अतुल, आकाश कुमार, रोहन सिंह, करन सिंह रावत, स्वर्णिम, हितेश, सूर्य, अनुराग, अनुज, देवेश नेगी, कर्मवीर शामिल हैं। बालक वर्ग की टीम के कोच अंकित कुमार, मैनेजर शिवम हैं। बालिका वर्ग टीम में राधिका, मानसी, टीना, पूनम सिंधी, ईवा डोगरा, पूर्णिमा, तुलसी, कीर्तिका, कोच रश्मि, मैनेजर वंदना शामिल हैं। उत्तराखंड सेस्टोबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन सुखदेव सिंह और अध्यक्ष सुखजीत सिंह, रवि पाल, अंकित, कुमारी लक्ष्मी, रोहित कुमार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# शीतलहर से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाएं : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : शीतलहर व ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कैम्प कार्यालय पौड़ी में वर्चुअल माध्यम से नगर निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन अलाव की रिपोर्ट फोटो ग्राफ्स सहित उपलब्ध कराने को कहा।

## जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिकारियों के साथ की बैठक

जिलाधिकारी ने समस्त नगर निकायों के अधिकारियों को शीतलहर व ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों, भीड़ वाले स्थानों सहित अन्य जगहों पर अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जनपद के अंतर्गत निराश्रितों को ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरों, रेलवे स्टेशनों, धर्मशालाओं में भी अलाव जलाने को कहा।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

वहीं जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशों व गौशालाओं में रह रहे गौवंशों के लिए भी ठंड से बचने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने कहा कि निराश्रित गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए पशुपालन विभाग से अस्थायी शैड़ों की व्यवस्था की जायेगी। जिससे निराश्रित गौवंश ठंड के प्रकोप से बच सकेंगे। वर्चुअल बैठक में नगर आयुक्त कोटद्वार वैभव गुप्ता, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पौड़ी गौरव भसीन, जौंक मंजू चौहान, सतपुली सीमा रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करें : डीएम



डीएम डॉ. आशीष चौहान जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कैम्प कार्यालय पौड़ी में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में राजस्व, पुलिस व परिवहन विभाग को संयुक्त रुप से शराब पीकर वाहन संचालकों के चालान करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि क्रिसमस डे व थर्टी फर्स्ट के दौरान वाहनों की नियमित चेकिंग करें। उन्होंने विशेषकर श्रीनगर, लैंसडाउन, कोटद्वार व यमकेश्वर क्षेत्र में सतर्क रहने के निर्देश उपजिलाधिकारी, पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने लोनिवि के अधिकारियों को कहा कि अब तक मार्गों में हुई झाड़ी कटान की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

शुक्रवार को आयोजित सड़क सुरक्षा की बैठक में जिलाधिकारी ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शराब पीकर वाहन संचालित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करें।

उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, पुलिस व परिवहन विभाग को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत नियमित रूप से वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में बताया गया कि माह नवम्बर 2023 में जनपद क्षेत्रांतर्गत कुल 03 सड़क दुर्घनाएं हुई है, जिसमें 03 व्यक्ति की मृत्यु व 06 लोग घायल हुए हैं।

माह जनवरी से नवम्बर तक एमवी एक्ट के तहत पुलिस विभाग के 8168 व परिवहन विभाग द्वारा 3735 चाहन किये गये हैं।

बैठक में अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि पीएस बृजवाल, आरटीओ अनीता चंद, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड शिवा, सहायक अभियंता लोनिवि निक्की, डीडीएमओ दीपेश काला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नए साल के जश्न में भूले नियम तो होगी कानूनी कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : क्रिसमस व नए साल में कानून व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। लैंसडौन व आसपास के क्षेत्र में होटल संचालकों को पुलिस की ओर से सख्त निर्देश दिए गए हैं। कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रात दस बजे के बाद किसी भी स्थान पर डीजे नहीं बजाया जाएगा।

लैंसडौन गांधी चौक में स्थित पर्यटन चौकी में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रघुवीर सिंह चौधरी ने होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि पर्यटक नगरी में न्यूइयर सेलिब्रेशन के लिए पर्यटकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। ऐसे में नियमों का ध्यान रखना भी अति आवश्य है। कहा कि पर्यटकों की आड़ में हुड़दंग करने वाले भी कई पर्यटक यहां पहुंच जाते है। ऐसे लोगों से पुलिस सख्ती से निपटने के साथ ही उनके खिलाफ कार्यवाही भी करेगी।

पुलिस ने होटल व्यापारियों को बिना आईडी के कमरे देने पर भी चेताया। यदि कोई भी होटल व्यापारी बिना आईडी के रुम देते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ भी पुलिस कार्यवाही करेगी। इस मौके पर पुलिस ने होटल व्यापारियों से बाहरी क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को पार्किंग में ही खड़े करवाने को लेकर सहयोग भी मांगा। बैठक में होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष कर्नल सेवानिवृत्त टीसी शर्मा, सचिव रचित इलाहाबादी, प्रशांत नेगी, मोहित बहरानी, एसएसआई मुकेश भट्ट, महिला निरीक्षक रचना रानी मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार स्वयं सेवकों के साथ कर रही अन्याय

**श्रीनगर गढ़वाल** : नौकरी, पेंशन और आश्रितों को सहायता राशि देने की मांग को लेकर एसएसबी स्वयं सेवकों की बैठक की। कहा कि 17 दिसंबर को होने वाली वार्ता में यदि मांगों को लेकर किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लिया जाता है तो गुरिल्ला देहरादून में एक उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। कहा कि एसएसबी स्वयं सेवक 17 वर्षों का लंबा शांति पूर्वक आंदोलन कर रहे हैं, बावजूद भी केंद्र सरकार स्वयं सेवक के साथ अन्याय कर रही है। शुक्रवार को श्रीनगर स्थित बाबा काली कमली धर्मशाला में आयोजित बैठक में स्वयं सेवकों ने कहा कि सरकार लगातार एसएसबी स्वयं सेवकों की मांग पर आश्वासन देकर गुमराह करने का काम कर रही है। जिससे गुरिल्लों में आक्रोश व्याप्त है। पौड़ी जिलाध्यक्ष मान सिंह नेगी, खिर्सू ब्लॉक अध्यक्ष कुशाल सिंह पंवार, महासचिव अनिल प्रसाद भट्ट ने कहा कि हाल ही में 17 दिसंबर को मुख्यमंत्री और सचिवों ने गुरिल्लों की मांगों पर सरकार के साथ वार्ता का आश्वासन संगठन को दिया गया है, जिसका संगठन समर्थन करता है। बैठक में मोहन सिंह, रमेश सिंह, दिनेश सिंह, केवल राम, लक्ष्मी देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, महेश्वरी देवी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## डीईओ ने प्रमाण पत्र फर्जी मिलने पर शिक्षक को किया निलंबित

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के रिखणीखाल ब्लाक में तैनात एक प्राइमरी शिक्षक के शैक्षिक प्रमाण पत्र सत्यापन में फर्जी पाए जाने के बाद डीईओ बेसिक पौड़ी ने शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबित शिक्षक को उप शिक्षाधिकारी दफ्तर रिखणीखाल से अटैच कर दिया गया है।

इस संबंध में बीईओ रिखणीखाल ने अपनी जांच रिपोर्ट डीईओ बेसिक को भेजी थी। रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए डीईओ बेसिक ने यह कार्रवाई की। पौड़ी जिले के ब्लाक रिखणीखाल के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चपडेत में तैनात सहायक अध्यापक दिनेश सिंह रावत की इंटर मीडिएट की मार्क शीट सत्यापन में फर्जी पाई गई। शिक्षक दिनेश रावत ने यह मार्कशीट गाजियाबाद के एक जनता इंटर कॉलेज की लगाई थी। प्रभारी डीईओ बेसिक सावेद आलम ने बताया कि इस संबंध में बीईओ रिखणीखाल ने अपनी जांच आख्या दी थी। जांच आख्या मिलने के बाद सहायक अध्यापक दिनेश सिंह रावत के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई अमल में लाई गई है और निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई भी प्रस्तावित है। निलंबन के बाद सहायक अध्यापक को उपशिक्षाधिकारी दफ्तर रिखणीखाल से संबद्ध किया गया है। साथ ही उपशिक्षाधिकारी नैनीडांडा को 20 दिन में इस प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देने के लिए भी कहा गया है। बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिखणीखाल ब्लाक के राजकीय प्राथमिक, राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ को भेजे गए थे।

## आईएचएमएस में 16 और 17 दिसंबर को होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

### देश और विदेश के शोधकर्ता होंगे शामिल, तैयारियां पूरी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से एक अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों और विदेश से आने वाले शोधकर्ता अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

शिक्षा प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में नवाचार और उद्यमिता विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण शुभारंभ करेंगी। इस अवसर पर फिलिपिंस से पहुंचे डॉ. पिलमोर जे मुरिल्लो बतौर मुख्य वक्ता के रुप में संबोधित करेंगे। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य के लिए अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा।

संस्थान के छात्र-छात्राएं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। दोपहर बाद टैक्नीकल सेसन में उत्तर प्रदेश, आसाम, राजस्थान, केरल समेत विभिन्न प्रांतों से पहुंचने वाले शोधकर्ता अपने शोध प्रस्तुत करेंगे। संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने बताया कि इस प्रकार का यह कोटद्वार में होने वाला पहला अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन है। सम्मेलन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए संस्थान के डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनिल कुमार को मुख्य समन्वयक, डॉ. अश्वनि शर्मा को सह समन्वयक और प्राध्यापक सुरेंद्र जगवान को आयोजन सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

## एएसपी ने किया थाने का निरीक्षण, कानून व्यवस्था पर विशेष चौकसी का निर्देश



एएसपी जया बलोनी थाना थलीसैंण के निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों की जांच करते हुए।

**पौड़ी** : अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार जया बलोनी ने थाना थलीसैंण का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश हुए लंबित मामले की समीक्षा की। साथ ही क्षेत्र में विशेष चौकसी रखने के निर्देश दिये। एएसपी ने पुलिस कार्मिकों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा बीट क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी के साथ-साथ आम जन के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने को कहा। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय व परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिये। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी सहित विवेचकों के साथ मीटिंग कर लंबित विवेचनाओं व अपराध की समीक्षा की गई। साथ ही लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करने व लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, बैरक, परिसर, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से अस्लाह कारतूस की जानकारी लेकर उनकी हैंडलिंग करवाई। इस मौके पर एएसपी ने सीएलजी मेंबरों, व्यापार मंडल के सदस्यों, ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक कर थाना क्षेत्र में नशे की प्रवृत्ति को शून्य करने एवं रोकथाम हेतु जन जागरूक कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

## नारद मोह के साथ दुर्गापुरी में शुरू हुई दोपहर की रामलीला



दुर्गापुरी में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नारद मोह के साथ दुर्गापुरी में दोपहर की रामलीला का शुभारंभ हो गया है। प्रथम दिन नारद मोह का मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

आयोजित दोपहर की रामलीला के प्रथम दिन नारद मुनि हिमालय पर तप करने जाते हैं। इससे घबराकर देवराज इंद्र ने कामदेव को अप्सराओं सहित नारद की समाधि भंग करने के लिए भेजा। नारद की भक्ति को डिगाने में कामदेव व अप्सराएं विफल हो गईं। नारद को कामदेव पर विजय पाने का अहंकार हो गया। इसके बाद नारद एक मोहिनी के मोह में पड़ गए और उसके स्वयंवर में जाने के लिए भगवान विष्णु से उनके स्वरूप की मांग की। भगवान ने नारद को बंदर का रूप दे दिया। स्वयंवर में लोगों ने नारद का उपहास किया। जिस पर उन्होंने भगवान विष्णु को श्राप दे दिया कि जिस प्रकार से हम पत्नी के लिए तड़पे हैं, ठीक उसी प्रकार तुम भी पत्नी के वियोग में तड़पोगे और इन्हीं बंदरों के सहयोग के बाद तुम्हारा कल्याण होगा। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष हर्षवर्धन बिंजोला, जगदीश फुलारा, दयाशंकर फुलारा आदि मौजूद रहे।

## सड़क का पुश्ता डेढ़ साल से क्षतिग्रस्त, आवासीय भवन को बना खतरा

**पौड़ी** : श्रीकोट खंडाह-नैसु-हल्कीखाल मोटरमार्ग पर पन्दाल्यूं गांव में भारी बारिश से सड़क का पुश्ता गिरने से स्थानीय ग्रामीण परेशान है। ग्रामीण रमेश प्रसाद काला ने कहा कि सीएम से भी शिकायत करने के बाद आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। जिससे उनके आवासीय भवन को खतरा बना हुआ है। उन्होंने जल्द ही क्षतिग्रस्त पुश्ते को ठीक करने की मांग की है। ग्रामीण रमेश प्रसाद काला का कहना है कि 28 जुलाई 2022 को भारी बारिश के चलते सड़क का पुश्ता उनके मकान की गौशाला पर गिर गया, जिससे गौशाला के साथ ही आवासीय भवन को खतरा बना हुआ है। कहा कि उन्होंने स्थानीय प्रशासन से लेकर विधायक व सीएम तक को शिकायत की है, लेकिन संबंधित विभाग आज तक क्षतिग्रस्त पुश्ते को ठीक नहीं करवा रहा है। जिससे उनके भवन को खतरा बना हुआ है। बताया कि उनकी पक्की गौशाला के ठीक पीछे लोनिवि श्रीनगर द्वारा मोटर मार्ग पर स्कबर बनाया गया है। स्कबर व स्कपट के दोनों तरफ मोटर मार्ग पर लगे पुश्ते की लंबाई 12 मीटर है जो कि 28 जुलाई 2022 को भारी बारिश से अभी तक क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है, लेकिन आज तक संबंधित विभाग, जिला प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## पुलिस कर्मियों को मिलेंगे आवास

**श्रीनगर गढ़वाल :** कोतवाली श्रीनगर के पुलिस कर्मियों को 17 दिसंबर को छत मिल जायेगी। कोतवाली के 16 पुलिस कर्मियों के लिए आवास बनकर तैयार हो गए हैं। 17 दिसम्बर रविवार को कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत कोतवाली परिसर में बने आवासीय भवन का विधिवत लोकार्पण करेगें। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह गुसांईं ने बताया कि 17 दिसंबर रविवार को कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत पुलिस कर्मियों के लिए बने आवास का विधिवत लोकार्पण करेंगे। (एजेंसी)

# समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा कल

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : आगामी रविवार (17 दिसम्बर) को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा-2023 के अंतर्गत लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) की तैयारी को लेकर जिला कार्यालय में अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक आयोजित की गई।



उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा आयोजित करने के लिए संबंधित विभाग एवं संस्थाओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि सब डिविजन रूद्रप्रयाग के अंतर्गत रविवार को समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के पद हेतु लिखित परीक्षा 05 केंद्रों में आयोजित की जानी है, जिसमें 1307 अभ्यर्थी शामिल होंगे। एकल सत्र में पूर्वाह्न प्रातः 11 बजे से अपराह्न 01 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा अवधि में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमणों जैसी घटनाओं के साथ ही परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग आदि के मध्यनजर सब डिविजन रूद्रप्रयाग के परीक्षा केंद्रों में धारा-144 को प्रभावी किया गया है। परीक्षा केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सब डिविजन रूद्रप्रयाग की सीमांतर्गत कुल 05 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटरमीडएट कॉलेज रूद्रप्रयाग, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रूद्रप्रयाग, राजकीय इंटर कॉलेज रतूड़ा, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटरमीडएट कॉलेज अगस्त्यमुनि, राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि में उक्त परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी तथा उलंघन करने पर विधि कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी संस्थाओं एवं विभागों को परीक्षा आयोजित करने हेतु अनिवार्य नियम कानून का पालन भी संवेदनशीलता से करने की निर्देश दिए। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी हेमलता भट्ट, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, सीओ विमल रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग खुशवंत सिंह चैहान, जिला सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे, उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से विजयपाल सिंह कंडारी, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रूद्रप्रयाग राजवीर सिंह भदौरिया, डॉ. गार्गी नैनवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरकार डाक सेवकों की समस्याओं पर नहीं दे रही ध्यान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अखिल भारतीय डाक सेवक संघ की अनिश्चिकालीन हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। इस दौरान डाक सेवकों ने पौड़ी मुख्य डाकघर में धरना देते हुए केंद्र सरकार व डाक विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर आक्रोशित डाक सेवकों ने कहा वे बीते चार दिनों से हड़ताल पर है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिससे डाक सेवकों में नाराजगी बनी हुई है।

आक्रोशित कर्मचारियों ने कहा कि पिछले लंबे समय से ग्रामीण डाक सेवकों का कार्य समय बढ़ाकर 8 घंटे करने, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिशों को लागू करने, सामूहिक बीमा कवरेज की धनराशि 5 लाख तक बढ़ाने, विभागीय कर्मचारियों के समान ग्रामीण डाक सेवकों की ग्रेज्युटी को 5 लाख करने, सवैतनिक अवकाश को 180 दिनों तक नगदीकरण में बढ़ाने आदि की मांग पिछले समय से की जा रही है, लेकिन केंद्र सरकार व डाक विभाग अडियल रवैया अपना रहा है। जिसके चलते डाक सेवकों को अनिश्चित कालीन हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्य बहिष्कार में मंडलीय सचिव नंद किशोर डोभाल, रघुनंदन गोदियाल, मंडलीय कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह भंडारी, देवेंद्र चंदोला, अनीता देवी आदि शामिल रहे।

## कबड्डी में दुगड्डा, द्वारीखाल, खिर्सू ने जीता फाइनल मुकाबला

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : युवा कल्याण विभाग पौडी के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत आयोजित कबड्डी के अंडर–14 फाइनल में खिर्सू, अंडर–17 में दुगड्डा और अंडर–19 में द्वारीखाल विजेता रहा। विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। कंडोलिया मैदान में कबड्डी के अंडर–14 के फाइनल में खिर्सू ने यमकेश्वर को 36–12 से हराया। अंडर–17 के फाइनल में दुगड्डा ने थलीसैंण को 26–8 से हराया। अंडर–19 के फाइनल में फाइनल में द्वारीखाल ने नैनीडांडा को हराया। इससे पूर्व अंडर–14 आयुवर्ग में पहले सेमीफाइनल में खिर्सू ने थलीसैण को 32–14, दूसरे सेमीफाइनल में यमकेश्वर ने पोखड़ा को 27–20 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अंडर–17 आयुवर्ग में पहले सेमीफाइनल में थलीसैंण ने कोट को 24–19, दूसरे सेमीफाइनल में दुगड्डा ने द्वारीखाल को 18–5 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर–19 आयुवर्ग में पहले सेमीफाइनल में द्वारीखाल ने यमकेश्वर को 27–23, दूसरे सेमीफाइनल में नैनीडांडा ने यमकेश्वर को 29–16 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। विजेता प्रतिभागियों को जिला युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत, भगवान सिह गुसांई, संदीप खंकरियाल, महेश कुमार द्वारा पुरस्कार दिया गया।

# ग्रामीणों ने की चोरी आभूषण व नगदी दिलाने की मांग

रूद्रप्रयाग : चंबा क्षेत्र में बीते कई महीनों में हुई चोरियों के आरोपी पकड़े जाने के बाद भी ग्रामीणों की नगदी व आभूषण न मिलने से खफा ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित से मुलाकात कर चोरी के माल का भी खुलासा करवाने की मांग की है। पुलिस पर माल बरामदगी में कोताही बरतने का आरोप लगाया। डीएम ने ग्रामीणों को कार्यवाही का भरोसा दिया है। चंबा क्षेत्र के गांवो में बीते महीनों हुई लाखों की चोरी की घटनाओं का पुलिस ने भले ही खुलासा करने का दावा करते हुए एक महिला व उसके पति को पकड़ा है। लेकिन ग्रामीण पुलिस की इस कार्यवाही को अपर्याप्त मान रहे हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को डीएम से मुलाकात की है। बीती 28 अगस्त को क्षेत्र की बड़ी लगभग 20 लाख चोरी का शिकार हुए दिखोल गांव के राजपाल सिंह ने ग्रामीणों के साथ डीएम को बताया कि उनके 20 लाख के जेवर व 5 हजार नगद चोरी हुए हैं। लेकिन पुलिस ने पकड़े गये चोरों से मात्र एक नथ, एक जोड़ी कंगन व एक जोड़ी पायल ही बरादम की है। जिससे उनके माल की भरपाई नहीं हो रही है। इसी तरह से एसआरटीसी कालोनी के महिपाल, थान गांव के सुरेश, ठेलारी के संजय रावत, हड़म तल्ला के मनमोहन कोठारी, ब्लाक रोड चंबा की बीना रावत, बुडोगी के रविंद्र चौहान और बटखेम के भवानी दत्त के घरों पर भी चोरियां हुई हैं। जो कि पुलिस से चोरों से माल बरामद करवाने की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों में सूरज सिंह, मकान सिंह, हरीश भारती, शशि देवी, सीता रावत, गुड्डी, प्रीति रावत सहित दर्जनों ने डीएम से पुलिस की कार्यवाही को अपर्याप्त बताते हुए पूरी नगदी व आभूषण प्रभावितों को दिलाने की मांग की है। (एजेंसी)

## साइकिल रैली 17 को

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : हेड हेरिटेज एकेडमी की ओर से 17 दिसंबर को साइकिल जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। रैली सुबह साढ़े सात बजे मालवीय उद्यान से होते हुए वीर बाला तिलू रौतेली चौक, देवी रोड, जिला न्यायालय, गैस एजेंसी पदमपुर सुखरो, मथुरा पैलेस, बालासौड़ रोड, नजीबाबाद रोड होते हुए हेड हेरिटेज अकादमी में पहुंचेगी।

# चमोली में महिलाओं की आर्थिकी का जरिया बनने लगा भोजपत्र



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उगने वाले दुर्लभ भोजपत्र की छाल महिलाओं की आर्थिकी का मजबूत जरिया बनने लगा है। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा महिला समूहों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन, उत्साहवर्धन और जिलाधिकारी हिमांशु खुराना के मार्गदर्शन में विकासखंड जोशीमठ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अतंर्गत एसएचजी महिलाओं को भोजपत्र पर कैलीग्राफी व स्ट्रिंग आर्ट एडवांस वर्जन का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। जिला प्रशासन के सहयोग से मास्टर ट्रेनर सुरभि रावत द्वारा समूह की महिलाओं को भोजपत्र कैलीग्राफी की बारीकियों के साथ स्केलिंग एवं नवीन तकनीक के बारे में जानकारी दी जा रही है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बदरीनाथ भ्रमण के दौरान नीती-माणा एसएचजी की महिलाओं ने उन्हें भोजपत्र पर लिखा अभिनंदन पत्र भेंट किया था।

जिसके बाद प्रधानमंत्री ने भोजपत्र के सोविनियर बनाने को लेकर मन की बात एपिसोड में भी महिलाओं की इस पहल की खूब सराहना की थी। इससे प्रभावित होकर समूह की महिलाएं भोजपत्र प्रशिक्षण में बढ़-चढ कर प्रतिभाग कर रही है। जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में विकासखंड जोशीमठ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से दो चरणों में समूह की 30 महिलाओं को दुर्लभ भोजपत्र पर कैलीग्राफी से आकर्षक सोविनियर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। चारधाम यात्रा के दौरान महिलाओं ने विकास विभाग के आउलेट और एनआरएलएम के माध्यम से भोजपत्र से तैयार किए गए आकर्षक सोविनियर, बद्रीनाथ की आरती, माला, राखी, सुन्दर स्मृति चिन्ह एवं कलाकृतियों का विपणन कर दो लाख से अधिक आमदनी की। दुलर्भ भोजपत्र के पौराणिक महत्व एवं इससे बने आकर्षक सोविनियर की मांग को देखते हुए जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की पहल पर महिलाओं समूहों की आर्थिकी सुदृढ़ बनाने की योजना तैयार की गई। परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं समूहों को उनकी आजीविका संवर्धन व कौशल विकास के लिए जोशीमठ में आठ दिवसीय भोजपत्र पर कैलीग्राफी व स्ट्रिंग आर्ट एडवांस प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर सुरभी रावत द्वारा समूह की 21 महिलाओं को कैलीग्राफी की बारीकियों के साथ स्केलिंग व नवीन तकनीक के उपयोग की जानकारी दी जा रही है, जो आने वाले समय में महिलाओं के लिए स्वरोजगार का एक सशक्त जरिया बनेगा।

# जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने विकास भवन सभागार में प्रशस्ति पत्र सौंपे



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपादित करवाने के लिए जिला प्रशासन मुश्तैदी से कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने दस दिन पूर्व सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को अपने-अपने क्षेत्रों में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवाओं को चिन्हित कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए थे। जिले में आठ आंगनवाड़ी कार्यकत्री ऐसी थी, जिन्होंने अपने क्षेत्र के ज्यादातर युवाओं के नाम 10 दिन में सूची में जोड़ने की औपचारिकताएं पूर्ण कर दी। इन सभी कार्यकत्रियों को जिलाधिकारी ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सफलता पूर्वक संपादित करवाने, पोलिंग बूथों पर सभी अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने एवं 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवाओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के कार्य में लगे सुपरवाइजरों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने विकास भवन सभागार में शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की।

## अब 24 दिसंबर को लेगेगी कार्डियो ओपीडी

श्रीनगर गढ़वाल : मेडिकल कालेज के टीचिंग बेस चिकित्सालय में 17 दिसंबर रविवार को लगने वाली कार्डियो ओपीडी स्थगित रहेगी। एवज में अब 24 दिसंबर रविवार को कार्डियो ओपीडी लगेगी। यह जानकारी बेस चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डा. अजेय विक्रम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड चैप्टर कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया की बैठक होने की वजह से वरिष्ठ कार्डियोलाजिस्ट डा. अमर उपाध्याय बैठक में मौजूद रहेंगे। जिससे कार्डियो संबंधी ओपीडी 17 दिसंबर को स्थगित रहेगी। उन्होंने बताया कि कार्डियो ओपीडी चौथे रविवार यानि 24 दिसंबर को बेस अस्पताल में लगेगी। (एजेंसी)

## सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मनोज कुकरेती उम्र 39 वर्ष का चाल-चलन सही नहीं तथा वह मेरे कहने सुनने में नहीं है। मैंने अपने पुत्र मनोज कुकरेती को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र द्वारा भविष्य में एवं पूर्व में किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**थामेश्वर प्रसाद कुकरेती पुत्र स्व. इन्द्रमणी कुकरेती हाल निवासी नगर पंचायत सतपुली, तहसील सतपुली, जिला पौड़ी गढ़वाल, स्थाई निवासी ग्राम कठूड बड़ा, पट्टी मल्ला डांगू, तहसील जाखणीखाल, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

# स्टील गार्डर पुल तीन माह में होगें तैयार

टिहरी : अलकनंदा-भागीरथी संगम स्थल व प्राचीन श्री रघुनाथ मंदिर तक तीर्थयात्रियों की सुगमता से पहुंच बनाने की कवायद अपने अंतिम चरण में है। विश्व बैंक के सहयोग से लोनिवि की ओर से दो स्टील गर्डर पैदल पुलों का टोडेश्वर टापू से निर्माण किया जा रहा है। पौड़ी रोड से सीधे जुड़ने वाले 115 स्पान के यह पुल दो भागों में बनाये जा रहे हैं। करीब एक किमी. पैदल चल पहुंचना पड़ता है। टोडेश्वर टापू से करीब साढ़े सात करोड़ की लागत के पैदल पुलो के निर्माण का बीते साल जनवरी में विधायक विनोद कण्डारी ने शिलान्यास किया था। गार्डर पुल के पहले 45 मीटर भाग का नमामि गंगा परियोजना से टोडेश्वर टापू तक का काम पूरा हो चुका है। जबकि यहां से अलकनंदा के ऊपर संगम तक 70 मीटर स्पान पुल के दोनों ओर अबेडमेंट बन चुके हैं व असम्बेलिंग का काम चल रहा है। यहां निरीक्षण करने पहुंचे विधायक विनोद कण्डारी ने कहा कि तीन महीनों में पुल का निर्माण पूर्ण हो जायेगा। जबकि अलकनंदा नदी के जर्जर पुराने झूलापुल के नवनिर्माण का भी टेंडर हो चुका है। अगले वर्ष फरवरी तक इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो जायेगा। इस मौके पर जेई दिनेश बिष्ट, साइट मैनेजर अनुज सैनी, शशि ध्यानी, रनजीत जाखी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा से आमन्त्रित **निविदा सं० 09/23–24 एवं निविदा सं० 10/23–24** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 20.12.2023 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 21.12.2023 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

अधिशासी अभियन्ता,
वि0वि0 खण्ड, नैनीडांडा
पत्रांक : 811/विविखनै/टी–6 दिनांक : 15.12.2023

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

# सम्पादकीय

## नगरीय व्यवस्था में सुधार की उम्मीदें

ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के दौरान राजधानी देहरादून में किए गए विभिन्न कार्यों का असर अब नजर आने लगा है खासतौर से यातायात संचालन की जो व्यवस्था इन दिनों देखने को मिल रही है वह उत्साहित कर देने वाली है। हालांकि इन्वेस्टर मीट के दौरान सड़कों के किनारे बसे अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया था जिसके कारण आज राजधानी देहरादून की व्यवस्था पूर्व की भांति कहीं अधिक अच्छी नजर आने लगी है। जिला प्रशासन की कोशिश है कि इस व्यवस्था को अब लंबे समय तक बनाए रखा जाए लेकिन यहां सबसे बड़ी चुनौती उन अतिक्रमणों को लेकर है जो आने वाले समय के साथ धीरे–धीरे पुनः काबिज होने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद देहरादून के बदले हालातो के बाद सुधरी हुई व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने की वकालत की है और इसके लिए बाकायदा देहरादून में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इस पूरी व्यवस्था को तब तक सुचारू रूप से नहीं चलाया जा सकता जब तक प्रशासन अवैध अतिक्रमणों को लेकर कड़ा रुख ना अपनाया जाय। जिन लोगों को अतिक्रमण के नाम पर हटाया गया था फिर पुनः उन स्थानों पर आने की कोशिश कर रहे हैं और यदि अतिक्रमण की यह व्यवस्था पुनः पूर्व की भांति बन गई तो फिर यात्रा व्यवस्था का वही बिगड़ा हुआ रूप देखने को मिलेगा। राजधानी की सड़कों को व्यापक तौर पर चौड़ा करने का काम किया गया है जो की सरकार की एक सराहनीय पहल है, सड़कों के विकास के साथ ही पार्किंग की समस्या से भी थोड़ी निजात मिली है और सड़कों की किनारे ही समतलीकरण कर पार्किंग व्यवस्था को बनाने का प्रयास किया गया है। निश्चित तौर पर राजधानी देहरादून का बदला हुआ स्वरूप देखने को मिल रहा है लेकिन यह व्यवस्था कितने दिनों तक पटरी पर चल पाएगी इस पर भी बहस जारी है। सबसे बड़ी चुनौती अतिक्रमणों को हटाने की है जिसके लिए अब से पूर्व ना जाने कितने ही अभियान चलाए गए लेकिन हर बार प्रशासन के प्रयास धरातल पर खरे नहीं उतरे। वर्तमान स्थिति को देखकर फिलहाल तो कम यह उम्मीद की जा सकती है कि यदि इस व्यवस्था को वर्तमान स्वरूप में कड़ाई के साथ अमल में लाया जाए तो धीरे–धीरे यह एक स्थाई व्यवस्था बन सकती है। हालांकि अभी भी दू के मुख्य मार्गों पर यातायात का भार कुछ काम नहीं हुआ है और पीक अवर्स में जाम का असर नजर आता ही है। बात राजधानी देहरादून की हो या फिर उत्तराखंड के दूसरे बड़े जनपदों की, यातायात प्रबंधन में सबसे बड़ी बाधा अतिक्रमण एवं सड़कों का अनियोजित प्रबंधन है। प्रदेश सरकार को सड़कों के उचित प्रबंधन एवं अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक ठोस नीति तैयार करनी होगी जिसके लिए न केवल पुलिस विभाग बल्कि दूसरे विभागों की मदद भी लेनी होगी। अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त करना इसका स्थाई समाधान नहीं है बल्कि जब तक अति व्यस्ततम क्षेत्र में अतिक्रमण को कानूनी तौर पर अपराध घोषित नहीं किया जाएगा तब तक यह व्यवस्था सुधारने वाली नहीं है। संबंधित क्षेत्र के थानेदारों एवं बीट पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारियां भी तय करनी होगी जबकि नगर निगम को भी इस जिम्मेदारी से सक्रिय तौर पर जोड़ना जरूरी है। जन सहयोग एवं विभागीय समन्वय से न केवल देहरादून बल्कि राज्य के दूसरे बड़े शहरों में भी एक सुचारु व्यवस्था देखने को मिल सकती है।

## कच्चा प्याज खाने से होते हैं यह नुकसान, जान लीजिए एक दिन में कितना प्याज खाना चाहिए?

प्याज सबसे पुरानी सब्जियों में से एक है जिसे सदियों से उगाया जाता है.प्याज की सबसे खास बात यह है कि यह लगभग हर खाने की रेसिपी में डाला जाता है. सब्जी से लेकर कोई भी मसालेदार खाने वाली चीज में प्याज का इस्तेमाल किया जाता है. वहीं आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कच्चा प्याज खाने के कई सारे साइडइफेक्ट्स होते हैं. साथ ही आपको बताएंगे एक दिन में कितना प्याज खाना है जरूरी.

### पाचन संबंधी परेशानी

कच्चा प्याज खाने से कुछ व्यक्तियों के लिए पाचन संबंधी परेशानी का कारण बन सकता है. फ्रुक्टेन एक प्रकार का कार्बोहाइड्रेट होता है. जिसके कारण इसे पचाने में दिक्कत होती है. इससे गैस, सूजन और पेट की परेशानी हो सकती है. संवेदनशील पेट या पाचन संबंधी समस्याओं वाले लोग इन लक्षणों से बचने के लिए कच्चा प्याज लीमिट में खाना चाहिए.

### मुंह की बदबू

कच्चा प्याज खाने से सांस की भयानक दुर्गंध होती है. प्याज में पाए जाने वाले मजबूत सल्फर केमिकल गंध छोड़ता है. जो घंटों तक बनी रह सकती है. हालांकि अपने दांतों को ब्रश करने और माउथवॉश का उपयोग करने से मदद मिल सकती है, लेकिन शक्तिशाली सुगंध को पूरी तरह से खत्म करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है.

### एलर्जी

कुछ लोगों को कच्चे प्याज से एलर्जी का महसूस हो सकता है. हल्की खुजली और सूजन से लेकर सांस लेने में कठिनाई जैसी गंभीर प्रतिक्रियाओं तक हो सकते हैं. यदि आपको प्याज खाने से एलर्जी महसूस होता है तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए.

### सीने में जलन

कुछ लोगों को कच्चा प्याज खाने से सीने में जलन हो सकती है या एसिड रिफ्लक्स भी हो सकती है. प्याज में पाई जाने वाली एसोफैगल स्फिंक्टर जो सीने की जलन को शांत कर सकता है. और पेट में पाए जाने वाला एसिड वापस एसोफैगस में जा सकता है. जिन लोगों को सीने में जलन की शिकायत हो उन्हें कच्चा प्याज कम खाना चाहिए. खासकर रात में सोते वक्त.

### माइग्रेन को ट्रिगर करता है

कुछ व्यक्तियों के लिए कच्चा प्याज खाने से माइग्रेन ट्रिगर कर सकता है. प्याज में टायरामाइन होता है जो सिरदर्द ट्रिगर कर सकता हैं. यदि आप माइग्रेन से ग्रस्त हैं, तो सलाह दी जाती है कि आप कच्चा प्याज सावधानी के साथ खाएं.

### इन लोगों को कच्चा प्याज ज्यादा नहीं खाना चाहिए

जो लोग हार्ट, बीपी या डायबिटीज की दवा खाते हैं उन्हें ज्यादा मात्रा में कच्चा प्याज नहीं खाना चाहिए. इससे उनकी शारीरिक परेशानी बढ़ सकती है.

# भाजपा के प्रयोगों में नया कुछ नहीं!

**अजीत द्विवेदी**

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने तीन नए मुख्यमंत्री बनाए हैं। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय को छोड़ दें तो बाकी दोनों नाम बहुत चौंकाने वाले हैं। साय दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं और केंद्र में इस्पात राज्य मंत्री रहे हैं इसलिए लोगों ने उनका नाम सुना हुआ था और चुनाव नतीजों के बाद से ही उनके नाम की चर्चा भी हो रही थी। लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि मध्य प्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री हो जाएंगे। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इन दोनों का नाम तय करा कर सबको चौंकाया। जब से इन दोनों का नाम तय हुआ है तब से इस बात की चर्चा हो रही है कि भाजपा ने बिल्कुल नया प्रयोग किया है और दूसरी पार्टियों को इससे सीखना चाहिए। लेकिन सवाल है कि इसमें नया क्या है? क्या भाजपा ने पहले ऐसे प्रयोग नहीं किए हैं?

इस प्रयोग के बारे में जो नई बात कही जा रही है उसमें दो–तीन बातें खास हैं। जैसे ये तीनों मुख्यमंत्री 60 साल से कम उम्र के हैं। तीनों बहुत चर्चित चेहरे नहीं हैं। तीनों में से एक भजनलाल शर्मा पहली बार के विधायक हैं। तीनों राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की पृष्ठभूमि वाले हैं और संगठन में सक्रिय रहे हैं। अगर इन चार बातों को देखें तो इसमें कुछ भी नया नहीं है। सबसे पहले उम्र की बात करें। तो आज से 20 साल पहले जब वसुंधरा राजे और रमन सिंह मुख्यमंत्री बने थे तब दोनों की उम्र 50 साल थी। यानी अभी बने तीनों कथित युवा मुख्यमंत्रियों से कम थी। आज से 18 साल पहले, जब शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तब उनकी उम्र सिर्फ 46 साल थी। खुद नरेंद्र मोदी जब पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे तब उनकी उम्र 52 साल की थी। उनको उस समय गुजरात भाजपा के सबसे दिग्गज नेता केशुभाई पटेल को हटा कर मुख्यमंत्री बनाया गया था। सो, इसमें कुछ भी नया नहीं है कि भाजपा ने 60 साल से कम उम्र के नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया या संबंधित राज्यों के सबसे मजबूत और दिग्गज नेताओं को दरकिनार करके अपेक्षाकृत कम चर्चित नेताओं को कमान सौंपी। भाजपा पहले भी यह काम करती रही है।

अगर पहली बार के विधायक को मुख्यमंत्री बनाने के प्रयोग की बात करें तो वह भी भाजपा पहले कर चुकी है। नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे तब वे विधायक भी नहीं थे। वे मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार विधायक बने और पहली बार सांसद बने तो प्रधानमंत्री बने। इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा में 2014 में भाजपा के जीतने पर पहली बार के विधायक मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। जहां तक अपेक्षाकृत कम चर्चित नेताओं को मुख्यमंत्री बनाने की बात है तो मनोहर लाल खट्टर से बेहतर मिसाल नहीं हो सकती है। अनेक दिग्गज नेताओं के होते हुए मोदी ने खट्टर को सीएम बनवाया था। इसी तरह उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत हों या तीरथ सिंह रावत हों या मौजूदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हों ये सब कम चर्चित चेहरे रहे हैं। धामी के बारे में तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि वे सीएम बनेंगे। लेकिन चुनाव से छह महीने पहले वे मुख्यमंत्री बने और खुद विधानसभा का चुनाव हार जाने के बाद भी उनको दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। गुजरात में भूपेंद्र पटेल से लेकर हिमाचल प्रदेश में जयराम ठाकुर और महाराष्ट्र में देवेंद्र फडनवीस तक भाजपा दूसरी या तीसरी कतार के नेताओं को मुख्यमंत्री बनाती रही है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के भाजपा की कमान संभालने से पहले भी ऐसे प्रयोग बहुत हुए। मध्य प्रदेश में बाबूलाल गौर हों या उत्तर प्रदेश में रामप्रकाश गुप्त हों या कर्नाटक में डीवी सदानंद गौड़ा हों, ऐसे कई नेता मुख्यमंत्री बने थे, जो बहुत चर्चित या लोकप्रिय नहीं थे।

तीनों नए मुख्यमंत्रियों में एक कॉमन बात राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की पृष्ठभूमि से होना है। लेकिन यह भी कोई नई बात नहीं है। हां, यह जरूर है कि पिछले कुछ समय से भाजपा ऐसे नेताओं को तरजीह दे रही थी, जो दूसरी पार्टियों से आए थे। असम सहित समूचे पूर्वोत्तर में उसने कांग्रेस से आए नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया तो कर्नाटक में भी पुराने समाजवादी नेता बसवराज बोम्मई को सीएम बनाया था। लेकिन पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों में भाजपा की जो रणनीति है उसे वह हिंदी हृद्य प्रदेशों में नहीं आजमा सकती है। उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के मजबूत नेटवर्क और उसके काम की वजह से भाजपा जीतती है। इन राज्यों का मतदाता भी भाजपा और संघ की वजह से विचारधारा की प्रतिबद्धता लिए हुए है। तभी इन राज्यों में बाहरी नेता को कमान देने का प्रयोग संभव नहीं है। यही कारण है कि भाजपा के आला नेताओं के तमाम सद्भाव के बावजूद ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्यमंत्री नहीं बन पाए।

जहां तक जातीय संतुलन साधने की कोशिश का सवाल है तो उसमें भी कुछ नया नहीं है। ध्यान रहे छत्तीसगढ़ और झारखंड दोनों राज्य एक साथ बने थे, जिसमें झारखंड में भाजपा को पहली सरकार बनाने का मौका मिला और उसने अटल बिहारी वाजपेयी की तब की सरकार में मंत्री रहे बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बना कर बैठाया था। चूंकि एक राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री बन गया था इसलिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ में गैर आदिवासी रमन सिंह पर दांव खेला था। छत्तीसगढ़ में भाजपा लगातार जीतती रही और रमन सिंह सीएम बने रहे तो उधर झारखंड में भाजपा को जब भी मौका मिला तो आदिवासी मुख्यमंत्री बना। मरांडी के बाद तीन बार अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री बने। चूंकि नरेंद्र मोदी ने कमान संभालने के बाद झारखंड में रघुबर दास के रूप में पहला गैर आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया था इसलिए उन्होंने छत्तीसगढ़ में पहला मौका मिलते ही नुकसान की भरपाई के लिए आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया। बाकी दोनों राज्यों में पहले से जो समीकरण था वहीं समीकरण अब भी है। 2003 में जब छत्तीसगढ़ में रमन सिंह बने तो मध्य प्रदेश में पहले उमा भारती फिर बाबूलाल गौर और फिर शिवराज सिंह चौहान के रूप में लगातार ओबीसी मुख्यमंत्री बनाया गया। और राजस्थान में वसुंधरा राजे के रूप में सवर्ण मुख्यमंत्री बनाए रखा गया। अब भी भाजपा ने उसी समीकरण को आगे बढ़ाया है। मध्य प्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सीएम बनाया है। फर्क यह है कि इस बार राजस्थान में राजपूत की बजाय ब्राह्मण सवर्ण चेहरा लाया गया है। वह इसलिए क्योंकि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में दो राजपूत मुख्यमंत्री हैं।

सो, तीनों राज्यों में नया या बहुत क्रांतिकारी कुछ होने का जो हल्ला मचा हुआ है असल में वैसा नहीं है। तीनों मुख्यमंत्रियों की ताजपोशी को नएपन के नजरिए से देखने की जरुरत नहीं है, बल्कि इस नजरिए से देखने की जरुरत है कि मोदी और शाह ने जो जोखिम लिया है उसका भाजपा को फायदा होगा या नुकसान। कई जगह पुराने नेताओं को किनारे करके नए चेहरे आगे करने की राजनीति का भाजपा को फायदा हुआ लेकिन कई जगह नुकसान भी हुआ। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश का नुकसान सबके सामने है। हरियाणा में भी भाजपा को नुकसान ही हुआ था और इसलिए एक दूसरी पार्टी से तालमेल करना पड़ा। झारखंड में भी पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने निश्चित रूप से जोखिम के फैक्टर का विश्लेषण किया होगा। लेकिन कई बार बहुत वस्तुनिष्ठ विश्लेषण भी गलत साबित हो जाता है। जिन तीन राज्यों में भाजपा ने तीन नए चेहरे उतारे हैं वहां पुराने नेता अब भी सक्रिय हैं और बहुत मजबूत हैं। आगे उनकी राजनीति पर नजर रखने की जरुरत है। दूसरे, कई बड़े नेता ऐसे हैं, जिनको उनकी मर्जी के विपरीत राज्य की राजनीति में उतारा गया है। तीसरे, जाति का संतुलन बनाने में कई जातियां नाराज हुई हैं। ध्यान रहे छत्तीसगढ़ में ओबीसी मुख्यमंत्री कांग्रेस को आदिवासी वोट नहीं दिला पाए।

# किसानों की कीमत



सरकार ने खाद्य महंगाई पर नियंत्रण पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। मगर इन कदमों का किसानों पर खराब असर होगा। महाराष्ट्र में प्याज किसानों का विरोध प्याज निर्यात रोकने के फैसले से उनमें पैदा हुए असंतोष की ही एक मिसाल है।

छह महीनों के अंदर आम चुनाव होने हैं और ऐसे में केंद्र सरकार का अनाज की महंगाई को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है। इसलिए वह ऐसे हर कदम उठा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं– खास कर मध्य वर्ग– को अनाज की कीमतें ज्यादा ना चुभें। इनमें सबसे ताजा कदम प्याज के निर्यात पर रोक है। इसके पहले ना सिर्फ गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई, बल्कि खबर है कि सरकार रूस से गेहूं का आयात भी करने वाली है। इसके अलावा सरकार ने गेहूं को भंडार में रख सकने की सीमा घटाकर आधी कर दी है, जिससे व्यापारी अधिक मात्रा में गेहूं बाजार में उपलब्ध कराने को मजबूर हो गए हैं। उधर चीनी महंगी ना हो, इसके लिए चीनी मिलों को निर्देश दिया गया है कि वे इथोनॉल बनाने में गन्ने के रस का इस्तेमाल ना करें। सरकार के कान संभवतः इन खबरों से खड़े हुए कि बाजार में कुछ दालों, प्याज, टमाटर आदि के दाम हाल में तेजी से बढ़े हैं। तो उसने खाद्य महंगाई पर नियंत्रण पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। मगर इन कदमों का खराब असर किसानों पर होगा।

महाराष्ट्र में जिस बड़ी संख्या में प्याज किसान विरोध जताने के लिए सडकों पर उतरे हैं, वह प्याज निर्यात रोकने के फैसले से उनमें पैदा हुए असंतोष की मिसाल है। किसानों की मुसीबत यह है कि पैदावार संबंधी तमाम जोखिम उन्हें खुद उठाने पड़ते हैं। लेकिन जब बाजार से उन्हें ज्यादा कीमत मिलने की संभावना होती है, तब सरकार के कदम उन लाभों से उन्हें वंचित कर देते हैं। इस तरह उनकी और प्रकारांतर में ग्रामीण क्षेत्र की आमदनी बढने की संभावना कमजोर हो जाती है। नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद से मुद्रास्फीति लक्ष्य इस तरह से तय किए हैं, जिसका किसानों और ग्रामीण आमदनी पर प्रतिकूल असर पड़ा है। देश में आम जन के उपभोग में आई गिरावट का यह भी एक कारण है। यह दीगर बात है कि यह जटिल प्रश्न राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाता है। इसलिए केंद्र इस तरह के कदम बेधड़क उठा लेता है। आम चुनाव से पहले फिर उसने वही नजरिया अपनाया है।

## यूक्रेन को झटका: हंगरी ने यूरोपीय संघ की 55 अरब डॉलर की फंडिंग को रोका

**ब्रुसेल्स ,एजेंसी।** सदस्यता वार्ता शुरू करने पर सहमति बनने के कुछ घंटों बाद हंगरी सरकार ने यूक्रेन के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) की 50 अरब यूरो (55 अरब डॉलर) की फंडिंग रोक दी है। शुक्रवार की सुबह एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा, रात्रि पाली का सारांशः यूक्रेन को अतिरिक्त धन के लिए वीटो, एमएफएफ समीक्षा के लिए वीटो। उचित तैयारी के बाद हम अगले साल ईयूसीओ में इस मुद्दे पर वापस आएंगे।

यूरोपीय संघ के नेताओं द्वारा यूक्रेन और मोल्दोवा के साथ सदस्यता वार्ता शुरू करने और जॉर्जिया को उम्मीदवार का दर्जा देने का निर्णय लेने के तुरंत बाद ओर्बन की घोषणा हुई। हंगरी ने लंबे समय से यूक्रेन की सदस्यता का विरोध किया है लेकिन उस कदम पर वीटो नहीं किया।

ओर्बन कुछ देर के लिए वार्ता कक्ष से चले गए, जिसे अधिकारियों ने पूर्व-सहमत और रचनात्मक तरीके से बताया, जबकि अन्य 26 नेता मतदान के लिए आगे बढ़े। सहायता के लिए ओर्बन के विरोध पर टिप्पणी करते हुए, डच प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने कहाः हमारे पास अभी भी कुछ समय है, यूक्रेन के पास अगले कुछ हफ्तों में पैसे की कमी नहीं है। हम 26 देशों के साथ सहमत हैं। विक्टर ओर्बन, हंगरी, अभी तक ऐसा करने में सक्षम नहीं थे। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अगले साल की शुरुआत में एक सौदा कर सकते हैं। हम जनवरी के अंत के बारे में सोच रहे हैं। ब्लॉक के नेताओं ने कहा कि यूक्रेन के लिए सहायता पर बातचीत अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू होगी। यूक्रेन गंभीर रूप से यूरोपीय संघ और अमेरिकी फंडिंग पर निर्भर है क्योंकि वह कब्जा करने वाली रूसी सेनाओं से लडऩा जारी रखता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की ने सदस्यता वार्ता पर यूरोपीय संघ के फैसले को अपने देश और यूरोप के लिए जीत बताया।

## बोस्मा चुने गए नीदरलैंड की प्रतिनिधि सभा के नये अध्यक्ष

हेग ,। नीदरलैंड में फॉर फ्रीडम के मार्टिन बोस्मा संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के नये अध्यक्ष चुने गए। सदन के प्रसारण के अनुसार, बोस्मा को 75 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी, ग्रोएनलिंक्स ग्रीन राजनीतिक दल के टॉम वैन डेर ली को 66 वोट मिले। इस बार अध्यक्ष चुनने के लिए दो राउंड की वोटिंग हुई. दूसरे राउंड में 146 वोट गिने गए। विजेता को 74 से अधिक वोटों की आवश्यकता थी। नई डच प्रतिनिधि सभा ने छह दिसंबर को शपथ ली थी।

## इजरायली फोरम ने रेड क्रॉस प्रमुख से बंधकों को तुरंत दवा उपलब्ध कराने की मांग की

**तेल अवीव ,एजेंसी।** इजरायली बंधकों और लापता परिवारों के मंच ने रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) के अध्यक्ष मिर्जाना स्पोलजारिक एगर से गाजा में हमास आतंकवादी समूह द्वारा बंदी बनाए गए लोगों को तुरंत दवा उपलब्ध कराने की मांग की है। 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद पहली बार स्पोलजारिक गुरुवार को इजरायल पहुंचे। फोरम ने बीती रात एक बयान में कहा, हम बंधकों को तत्काल दवा उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। जिस तरह आप हमास के कैदियों के लिए दवाएं देखते हैं, उसी तरह सुनिश्चित करें कि दवाएं बंधकों तक पहुंचें। फोरम के प्रवक्ता लियाट बेल सोमर ने भी रेड क्रॉस प्रमुख से कहा कि आप अपना काम करें, बंधकों तक पहुंचें और उन्हें जीवन रक्षक दवाएं मुहैया कराएं। इस बीच, 22 वर्षीय बंधक ओमर वेनकर्ट के पिता शाई वेनकर्ट ने कहा, रेड क्रॉस ने मुझसे ओमर के लिए जीवनरक्षक दवाएं लेने से इनकार कर दिया। अगर वह अपना काम करने में असमर्थ है तो उसे घोषणा करनी चाहिए कि वह गाजा में बंधकों की जान ले रहा है।मेरे बेटे की जान खतरे में है। इन दवाओं के बिना, वह सचमुच खतरे में है। मैं रेड क्रॉस अध्यक्ष से मिला और मुझे अस्पष्ट उत्तर मिले।

# शाही ईदगाह केस में मुस्लिम पक्ष को झटका, सर्वे आदेश पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर सर्वेक्षण का इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। पीठ के समक्ष मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अदालत ने पहले कहा था कि मामले में सुनवाई की जरूरत है। इस मामले में हमसे लिखित दलीलें दाखिल करने को भी कहा गया था। उन्होंने कहा कि लेकिन अब उच्च न्यायालय कुछ आवेदनों पर विचार कर रहा है, जिनके दूरगामी परिणाम होंगे।



इस पर पीठ ने कहा कि इस स्तर पर हम कुछ भी नहीं रोकेंगे। यदि कोई प्रतिकूल आदेश है तो आप यहां आ सकते हैं। श्री अहमदी ने कहा कि गुरुवार को एक आदेश पारित किया गया, जिसमें आयुक्त को शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने और इसके लिए आयोग नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा कि यह तब हो रहा है जब शीर्ष अदालत इस मामले में अधिकार क्षेत्र का फैसला कर रही है। पीठ ने अहमदी से उच्च न्यायालय को यह बताने को कहा कि वह (शीर्ष अदालत) नौ जनवरी को मामले की सुनवाई करने वाली है। इस पर श्री अहमदी ने दलील देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय सुनवाई नहीं कर रहा है। शीर्ष अदालत ने हालांकि,कहा कि उसके के समक्ष एकमात्र अधिकार क्षेत्र का स्थानांतरण का मामला है। इस तरह मामला अब उसके समक्ष योग्यता के आधार पर नहीं है।

पीठ ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता को कोई शिकायत है तो वह कानून के अनुसार चुनौती दायर कर सकता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को शाही ईदगाह परिसर का अदालत की निगरानी में अधिवक्ता आयुक्तों की तीन सदस्यीय टीम द्वारा प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। सर्वेक्षण किस तरीके से किया जाएगा, इसके बारे में अदालत 18 दिसंबर को फिर सुनवाई करेगी। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने कहा था कि वह आयुक्त की नियुक्ति और सर्वेक्षण के तौर-तरीकों पर सोमवार को फैसला करेगी। उच्च न्यायालय ने हरि शंकर जैन और अन्य के माध्यम से देवता (भगवान श्री कृष्ण विराजमान) की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया था। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट औरंगजेब ने भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के एक हिस्से को ध्वस्त करने के बाद किया था। याचिक-ाकर्ताओं ने पूरी 13.37 एकड़ भूमि पर स्वामित्व का दावा किया है, जिस पर फिलहाल मस्जिद की संरचनाएं स्थित हैं। उन्होंने शाही ईदगाह मस्जिद समिति और श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के बीच 1968 के समझौते को भी चुनौती दी है, जिसने मस्जिद को उस भूमि का उपयोग करने की अनुमति दी थी जिस पर वह स्थित थी।

# एनपीएस में जमा कर्मियों की राशि राज्यों को नहीं देगा केंद्र, संसद में बोली सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर केंद्र एवं राज्यों के सरकारी कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। इस मांग को लेकर दिल्ली और दूसरे प्रदेशों में कई रैलियां हो चुकी हैं। कर्मचारी संगठनों की एक ही मांग है, गारंटीकृत पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली। केंद्र सरकार ने इस बाबत एक कमेटी का भी गठन किया है। हालांकि उसमें ओपीएस का कहीं भी जिक्र नहीं है।

कमेटी केवल एनपीएस में सुधार को लेकर अपनी रिपोर्ट देगी। यह मामला अब संसद में भी उठा है। लोकसभा सदस्य नव कुमार सरनीया, दीपक बैज और कृपाल बालाजी तुमाने द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि ओपीएस बहाली के लिए सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। साथ ही एनपीएस के तहत पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) में कर्मियों का जमा पैसा, राज्य सरकारों को नहीं दिया जा सकता। मौजूदा समय में केंद्र सरकार के अंतर्गत




67,95,449 पेंशनभोगी हैं। दरअसल लोकसभा सदस्य नव कुमार सरनीया, दीपक बैज और कृपाल बालाजी तुमाने ने पूछा था कि देश में पेंशनभोगियों की संख्या कितनी है। क्या सरकार का पुरानी पेंशन योजना ओपीएस को बहाल करने का विचार है। यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है।

ओपीएस के कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं। कितने राज्यों ने अपने कर्मचारियों के लिए ओपीएस को दोबारा से आरंभ किया है। सरकार द्वारा ओपीएस को दोबारा से आरंभ करने वाले राज्यों को एनपीएस का धन वापस करने के लिए क्या निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संबंध में ओपीएस की बहाली के लिए सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। सरकारी कर्मचारियों के संबंध में एनपीएस के अंतर्गत पेंशन के मुद्दे को देखने के लिए तथा अन्य बातों के साथ-साथ, मौजूदा रूपरेखा के आलोक में और एनपीएस अवसंरचना जैसा कि सरकारी कर्मचारियों पर लागू होता है, उसमें कोई परिवर्तन आवश्यक हो, उसके लिए वित्त सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है।

राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश की राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार/पीएफआरडीए को उनके कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम पर वापस लौटने के अपने निर्णय के बारे में सूचित कर दिया है। इन राज्य सरकारों ने अंशदान की वापसी/निकासी और उस पर प्राप्त लाभ के लिए अनुरोध किया है। हालांकि पंजाब सरकार ने भारत सरकार को सूचित किया है कि वह एनपीएस में कर्मचारी और सरकारी अंशदान का भुगतान जारी रखेगी।

## कर्नाटक में क्रूरता, आदिवासी महिला को नग्न कर घुमाया, जेपी नड्डा ने जांच के लिए बनाई समिति

**बेलगावी, एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक आदिवासी महिला को नग्न कर घुमाने की जघन्य घटना की कड़ी निंदा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया।यह समिति शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट श्री नड्डा को सौंपेगी। श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से नियमित अंतराल के बाद इस तरह की, विशेष कर महिलाओं के खिलाफ जघन्य घटनाएं हो रही हैं। ऐसी घटनाओं को लेकर कांग्रेस का गैर जिम्मेदार रवैया उजागर हो गया है। श्री नड्डा की ओर से गठित समिति में अपराजिता सारंगी, सुनिता दुग्गल, लॉकेट चटर्जी, रंजीता कोली तथा आशा लकरा शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि बेलगावी के वंतामुरी गांव में एक 55 वर्षीय महिला को पिछले दिनों नग्न कर घुमाया था। पीड़िता के साथ यह बर्ताव उसके 24 वर्षीय पुत्र और आरोपियों की 18 वर्षीय पुत्र के घर से भाग जाने की वजह से दिया गया था।

# रूस सहित चार देशों की कंपनियों पर प्रतिबंध, 22 दिसंबर से लागू होगा फैसला, जापान की कार्रवाई

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान ने 57 रूसी संगठनों, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की दो कंपनियों, एक सीरियाई इकाई और उज्बेकिस्तान की दो कंपनियों के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाए हैं। जापानी अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रूसी कंपनियों के खिलाफ निर्यात प्रतिबंध 22 दिसंबर से प्रभावी होगा।

कंपनियों की सूची में यूराल वर्क्स ऑफ सिविल एविएशन, ब्रांस्क ऑटोमोबाइल प्लांट, सेंट्रल साइंटिफिक रिसर्च इंस्टीट्यूट ब्यूरवेस्टनिक, डिजाइन ब्यूरो फॉर स्पेशल मशीन-बिल्डिंग, कजान गनपाउडर प्लांट, सेंट्रल साइंटिफिक रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ केमिस्ट्री एंड मैकेनिक्स, रोस्तोव-ऑन-डॉन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियो कम्युनिकेशंस, 150 एयरक्राफ्ट रिपेयर प्लांट, 810 एयरक्राफ्ट रिपेयर प्लांट, अर्ज़ामास इंस्ट्रूमेंट-मेकिंग प्लांट जिसका नाम पी.आई. प्लांडिन पर रखा गया है और अन्य कंपनियां शामिल हैं।



जापान की निर्यात प्रतिबंध सूची में अब 494 रूसी संस्थाएं और संगठन शामिल हैं। सूची में यूएई हवाई परिवहन कंपनी आई जेट ग्लोबल डीएमसीसी और अंतरराष्ट्रीय यात्रा सहायता कंपनी सक्सेस एविएशन सर्विसेज एफजेडसी, अर्मेनियाई इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार कंपनी टैको के साथ ही उज्बेक कंपनियां अल्फा बीटा क्रिएटिव इंडस्ट्रीज एलएलसी और जीएफके लॉजिस्टिक एशिया एलएलसी भी शामिल हैं, जैसा कि सूची में दिखाया गया है। इन कंपनियों के खिलाफ जापान के प्रतिबंध 27 दिसंबर से लागू होंगे।

# सुरक्षा में सेंध: लोकसभा में विपक्ष का फिर हंगामा, सदन में दूसरे दिन भी नहीं चला प्रश्नकाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में संसद की सुरक्षा के मुद्दे पर विपक्षी दलों ने आज लगातार दूसरे दिन जबरदस्त हंगामा किया जिसके कारण प्रश्नकाल शुरू होते ही सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया, विपक्षी दलों के सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए आसन के सामने आकर हंगामा करने लगे। श्री अग्रवाल ने हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। गौरतलब है कि संसद की दर्शक दीर्घा से तीन दिन पहले दो दर्शकों ने सदन में कूदकर रंगीन धुंआ सदन में छोड़ा, जिन्हें सदस्यों ने पकड़ कर सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया था। विपक्षी दल इसे संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक बताकर लगातार हंगामा कर रहे हैं।हंगामा करने के कारण विपक्ष के 14 सदस्यों को शेष सत्र के लिए सदन से निलंबित किया गया है। विपक्षी दलों का कहना है कि भाजपा के जिस सांसद की मदद से उपद्रवी संसद में पहुंचे उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय इस मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछने के कारण विपक्षी सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है जो अनुचित है।

## सुलिवन फिलिस्तीनी प्राधिकरण के पुनर्निर्माण, गाजा के भविष्य पर चर्चा करेंगे

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिका में व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन शुक्रवार को रामल्ला की यात्रा के दौरान फिलिस्तीनी प्राधिकरण की क्षमता में सुधार की तत्काल आवश्यकता और गाजा पट्टी के भविष्य पर चर्चा करेंगे। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, 'हम फिलीस्तीनी प्राधिकरण की क्षमता के बारे में बात करेंगे,

# सूर्यकुमार की बैटिंग के दीवाने हुए कुलदीप, जमकर बांधे तारीफों के पुल




नई दिल्ली।जोहान्सबर्ग के मैदान पर सूर्यकुमार यादव ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से हर किसी का दिल जीता। सूर्या ने ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए टी–20 इंटरनेशनल में अपना चौथा शतक जमाया। सूर्या के बल्ले से निकली इस धांसू पारी की वाहवाही हर तरफ हो रही है। तीसरे टी–20 में गेंद से टीम इंडिया की जीत के नायक रहे कुलदीप यादव भी कप्तान की इस शतकीय पारी के दीवाने हो गए हैं।

कुलदीप हुए सूर्या की बैटिंग के फैन

कुलदीप यादव ने तीसरे टी–20 में मिली 106 रन की धमाकेदार जीत के बाद सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफों के पुल बांधे। उन्होंने कहा, "मुझे सूर्या भाई की बैटिंग सबसे ज्यादा अच्छी लगी। मेरे लिए यही सबसे बड़ा गिफ्ट था। जिस तरह से वह बैटिंग कर रहे थे वो लाजवाब था, क्योंकि विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं था। उन्होंने जिस तरह से आखिर में शॉट्स खेले वो यकीनन लाजवाब थे।"

**जीत को बताया सबसे बड़ा तोहफा**

कुलदीप यादव ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली जीत को सबसे बड़ा जन्मदिन का गिफ्ट बताया। उन्होंने कहा, "मैच जीत गए और विकेट लिए, इससे बड़ा बर्थडे गिफ्ट और कुछ नहीं है। मेरे हिसाब से सारे ही विकेट महत्वपूर्ण होते हैं। टी–20 में पांच विकेट लेना काफी बड़ी बात है।" कुलदीप ने तीसरे टी–20 में महज 17 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए, जिसके दम पर भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 106 रन से हार का स्वाद चखाया।

सूर्या ने खेली शतकीय पारी

कुलदीप यादव के बेहतरीन स्पेल से पहले सूर्यकुमार यादव ने बल्ले से खूब तबाही मचाई।

सूर्या ने मेजबान टीम के किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा और टी–20 इंटरनेशनल में अपना चौथा शतक जमाया। सूर्या ने 56 गेंदों पर 100 रन की तेज तर्रार पारी खेली। इस पारी के दौरान सूर्यकुमार ने 7 चौके और 8 छक्के जमाए।

# पर्थ में छाया पाकिस्तान का युवा तेज गेंदबाज, 6 विकेट लेकर मचाया हाहाकार




नई दिल्ली। पर्थ के मैदान पर पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज आमेर जमाल ने अपनी गेंदबाजी से जमकर महफिल लूटी। जमाल ने अपनी रफ्तार के दम पर कंगारू बल्लेबाजों की नाक में खूब दम किया। युवा फास्ट बॉलर ने अपने डेब्यू मुकाबले में बेहतरीन बॉलिंग करते हुए छह विकेट अपने नाम किए। जमाल साल 2010 के बाद ऑस्ट्रेलिया की धरती पर टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज भी बन गए हैं।

**कहर बनकर टूटे आमेर जमाल**

टेस्ट मैच के दूसरे दिन आमेर जमाल ने अपनी रफ्तार और बेहतरीन लाइन एंड लेंथ के बूते ऑस्ट्रेलिया के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। जमाल ने अपनी गेंदबाजी स्पेल में डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड, एलेक्स कैरी जैसे धाकड़ बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने नाथन लायन को आउट करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी पारी को 487 रन पर समेटा।

**जमाल ने 13 साल बाद किया कमाल**

आमेर जमाल साल 2010 के बाद ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने हैं। जमाल ने अपने 20.2 ओवर के स्पेल में 111 रन खर्च करते हुए छह विकेट झटके। जमाल के अलावा खुर्रम शहजाद ने भी दो विकेट अपने नाम किए। वहीं, फहीम अशरफ की झोली में एक विकेट आया।

**पाकिस्तान की दमदार शुरुआत**

487 रन के जवाब में पहली पारी में पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी रही है। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 2 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 132 रन लगा दिए हैं। अब्दुला शफीक 42 रन बनाकर नाथन लायन का शिकार बने, जबकि कप्तान शान मसूद 30 रन बनाकर चलते बने। इमाम उल हक 38 और खुर्रम शहजाद 7 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। पाकिस्तान अभी ऑस्ट्रेलिया द्वारा खड़े किए गए स्कोर से 355 रन पीछे है।

# इंग्लैंड की बैटर्स पर कहर बनकर टूटीं दीप्ति शर्मा



नई दिल्ली। डीवाई पाटिल के मैदान पर खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में दीप्ति शर्मा ने इतिहास रच दिया है। दीप्ति इंग्लैंड की बैटर्स पर कहर बनकर टूटीं और उन्होंने महिला टेस्ट क्रिकेट का सबसे बेहतरीन स्पेल फेंका। दीप्ति ने 5.3 ओवर के स्पेल में महज 7 रन खर्च किए और पांच इंग्लिश बैटर्स को पवेलियन की राह दिखाई। इससे पहले बल्लेबाजी में दीप्ति ने 67 रन की दमदार पारी भी खेली।

**दीप्ति शर्मा ने रचा इतिहास**

दीप्ति शर्मा की घूमती गेंदों के आगे इंग्लैंड की बल्लेबाजों ने बेहद आसानी से घुटने टेक दिए। कोई भी इंग्लिश बैटर दीप्ति का क्रीज पर टिककर सामने नहीं कर सकी। भारतीय गेंदबाज ने 33 गेंदों के भीतर इंग्लैंड की पांच बैटर्स को पवेलियन की राह दिखाई। पहली पारी में इंग्लैंड की पूरी टीम महज 136 रन बनाकर ऑलआउट हुई। दीप्ति टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से एक पारी में पांच विकेट लेने वाली दूसरी गेंदबाज बनी हैं।

ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनीं दीप्ति

दीप्ति शर्मा टेस्ट क्रिकेट में एक ही पारी में अर्धशतक जमाने के साथ–साथ पांच विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। दीप्त ने बल्ले से दमदार प्रदर्शन करते हुए 113 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेली। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में दूसरा बेस्ट स्पेल फेंका।

**भारतीय टीम को मिली 292 रन की लीड**

बल्लेबाजों के बाद दीप्ति शर्मा की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम ने पहली पारी के आधार पर 292 रन की विशाल बढ़त हासिल की है। पहले बैटिंग करते हुए भारत की पूरी टीम 428 रन बनाकर ऑलआउट हुई, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम महज 136 रन पर ढेर हो गई।

# अंडर—19 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत मिली करारी हार, बांग्लादेश ने किया बड़ा उलटफेर

नई दिल्ली। अंडर–19 एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने बड़ा उलटफेर कर डाला है। बांग्लादेश ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए 8 बार की चैंपियन टीम इंडिया को 4 विकेट से हार का स्वाद चखाया। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए भारत की पूरी टीम को महज 188 रन पर ढेर किया। 189 रन के लक्ष्य को बांग्लादेश ने 42.5 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल किया।

**ताश के पत्तों की तरह बिखरा भारतीय बैटिंग ऑर्डर**

एशिया कप के सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम का बैटिंग ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। बांग्लादेश के गेंदबाजों के आगे टीम इंडिया के बल्लेबाजों की एक नहीं चली और पूरी टीम 188 रन पर ढेर हो गई।

टीम की ओर से सर्वाधिक 62 रन मुरुगन अभिषेक ने बनाए, जबकि 50 रन की पारी मुशीर खान ने खेली। इन दोनों बैटर को छोड़कर बाकी बल्लेबाजों में पवेलियन लौटने की होड़ से दिखाई दी। आदर्श सिंह, अर्शिन कुलकर्णी बल्ले से बुरी तरह से फ्लॉप रहे। वहीं, कप्तान उदय सहारन बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। गेंदबाजी में बांग्लादेश की ओर से मारूफ मृदा ने शानदार बॉलिंग करते हुए चार विकेट झटके। वहीं, परवेज रहमान की झोली में 2 विकेट आए। रोहनात दौला ने भी दो विकेट अपने नाम किए।




अरिफुल इस्लाम ने खेली दमदार पारी

189 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। टीम ने अपने तीन विकेट महज 34 के स्कोर पर गंवा दिए। हालांकि, इसके बाद अरिफुल इस्लाम ने अहरार अमिन के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई और बांग्लादेश को फाइनल का टिकट दिलाया। अरिफुल ने 90 गेंदों पर 94 रन की दमदार पारी खेली, जबकि अहरार ने 44 रन जड़े। बांग्लादेश ने 42.5 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

# रोहित या हार्दिक पांड्या में बेहतर कप्तान कौन?

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने बड़ा दांव खेला है। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के लिए मुंबई ने टीम की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में सौंप दी है। बतौर कप्तान हार्दिक रोहित शर्मा को रिप्लेस करेंगे। मुंबई को पांच बार चैंपियन बनाने वाले रोहित से कप्तानी लिए जाने का फैसला हैरान करने वाला है।

हार्दिक को आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से एक मुंबई इंडियंस की कप्तानी मिलने के साथ ही यह सवाल भी उठना लगा है कि क्या वह इस फॉर्मेट में रोहित से बेहतर कप्तान हैं? आइए आपको आंकड़ों की जुबानी समझाने की कोशिश करते हैं कि हार्दिक और रोहित में से कौन से बेस्ट कैप्टन।

कप्तान रोहित का रिकॉर्ड

रोहित शर्मा ने आईपीएल में अब तक कुल 158 मैचों में कप्तानी की है। इस दौरान उनकी अगुआई में टीम को 87 मैचों




में जीत नसीब हुई है। वहीं, 67 मैचों में बतौर कप्तान रोहित को हार का मुंह देखना पड़ा है। यानी रोहित का इंडियन प्रीमियर लीग में जीत प्रतिशत 55.06 का रहा है। इस बात को मत भूलिए कि रोहित ने अपनी कप्तानी में मुंबई इंडियंस को पांच बार चैंपियन भी बनाया है।

**बतौर कप्तान कैसा है हार्दिक का रिकॉर्ड?**

आईपीएल 2024 के लिए मुंबई इंडियंस ने टीम की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में सौंपी है। हार्दिक के लिए बतौर कप्तान पिछले दो सीजन लाजवाब रहे हैं। हार्दिक ने कैप्टेंसी में डेब्यू करते हुए गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाया था। वहीं, पिछले सीजन भी उनकी कप्तानी में गुजरात ने फाइनल तक का सफर तय किया था।

हार्दिक ने आईपीएल में कुल 31 मैचों में टीम की कप्तानी की है, जिसमें से 22 में उन्हें जीत मिली है तो सिर्फ 9 मैचों में बतौर कप्तान हार्दिक ने हार का मुंह देखा है। कैप्टेंसी में हार्दिक का जीत प्रतिशत 70.97 का रहा है।

रोहित या हार्दिक बेहतर कप्तान कौन?

रोहित शर्मा के मुकाबले में हार्दिक ने बेहद कम मैचों में आईपीएल में कप्तानी की है। ऐसे में हिटमैन से उनकी तुलना करना जायज नहीं होगा। हालांकि, बतौर कप्तान हार्दिक इस लीग में बेमिसाल नजर आए हैं। हार्दिक ने मैच के दौरान अपनी समझ से गेम को बखूबी अंदाज में चलाया है। हार्दिक आईपीएल में रोहित की कैप्टेंसी में ही खेलकर कप्तान बनने के लायक बने हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com